# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका,सहारनपुर,उ0प्र0,पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 397(संशो)/प्रवेश /MSU/2025–26 दिनांक :01.09.2025

## प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय कैम्पस एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर (PG) के (LL.M, Master of Law, M.P.Ed, M.Ed के अतिरिक्त) सभी पाठ्यक्रमों में ओपन मेरिट से प्रवेश हेतु नवीन पंजीकरण एवं पूर्व पंजीकृत अप्रवेशित अभ्यर्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 02.09.2025 से 04.09.2025 तक नवीन पंजीकरण एवं अर्हता अनुरूप अन्य पाठ्यक्रम चुनने का अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा हैं। पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी अपनी सही स्ट्रीम, अर्हता कक्षा प्राप्तांक प्रतिशत एवं अन्य त्रूटिपूर्ण विवरण संशोधित कर सकते हैं साथ ही विश्वविद्यालय प्रवेश नियमावली 2025–26 में वर्णित पाठ्यक्रमवार अर्हतानुसार नवीन पाठ्यक्रम जिनकी अभ्यर्थी अर्हता पूरी करते है का चयन पंजीकरण हेतु कर सकते हैं। अन्तिम ओपन वरियता सूची के प्रवेश हेतु ऑफर लैटर दिनांक 05.09.2025 शाम तक जारी किये जायेंगे। ऑफर लैटर में कैम्पस एवं महाविद्यालय का नाम अंकित नहीं होगा। अभ्यर्थी कैम्पस में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में रिक्त सीटों के सापेक्ष दिनांक 06.09.2025 को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे के मध्य ऑफर लैटर की प्रति जमा करेंगे। पाठ्यकमों में रिक्त सीटों से अधिक ऑफर लैटर जमा होने की स्थिति में नियमानुसार वरियता सूची तैयार कर प्रवेश पूर्ण किये जायेंगे। यदि प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष आवेदकों की संख्या कम रहती है तो 11:00 बजे के उपरान्त आने वाले अभ्यर्थी को भी प्रवेश प्रदान किया जायेगा। यदि किसी पाठ्यक्रम में 06.09.2025 को प्रवेश पूर्ण नहीं होते हैं तो ऐसी स्थिति में दिनांक 08.09.2025 को यही क्रम अपना कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

नोटः– अभ्यर्थी का आफर लैटर समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सीमित सूचनाओं के आधार पर जारी किया गया है। मेरिट सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पाठ्यक्रम/कोर्स के लिए न्यूनतम अर्हताओं की पुष्टि विश्वविद्यालय की प्रवेश नियमावली 2025–26 के अनुसार संबंधित महाविद्यालयों की प्रवेश समितियों द्वारा की जानी अनिवार्य है। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा, उक्त पुष्टि के पश्चात ही प्रवेश प्रदान किया जाए। यदि वरीयता सूची में नाम होने के उपरान्त कोई अभ्यर्थी निर्धारित अर्हता को पूर्ण नहीं करता है, तो ऐसी किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाए।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
(प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।)

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
04. सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
07. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
08. विश्वविद्यालय वेबसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
09. गार्ड फाईल।

(प्रो0 ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक